दिनांक: 26.04.2025
समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए–देश में युवाओं के लिए अभूतपूर्व अवसरों का समय।
- प्रधानमंत्री कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे।
- सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने मीडिया चैनलों के लिए परामर्श जारी किया–आतंकवाद रोधी अभियानों और सुरक्षा बलों की गतिविधियों के लाइव कवरेज से दूर रहने को कहा।
- राष्ट्रीय पोषण पखवाड़े के दौरान एक करोड़ 17 लाख से अधिक जागरूकता गतिविधियों के साथ राजस्थान देश में अव्वल।
- प्रदेश में कई स्थानों पर मौसम बदला–अलवर, श्रीगंगानगर, कोटा, बारां और करौली में तेज अंधड़ के साथ बूंदा–बांदी।

............

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश की अर्थव्यवस्था और आधुनिक बुनियादी ढांचे को विकसित करने की बड़ी जिम्मेदारी युवाओं पर है। उन्होंने कहा कि स्किल इण्डिया, स्टार्टअप इण्डिया और डिजिटल इण्डिया जैसे अभियान युवाओं के लिए नये अवसर पैदा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने आज रोजगार मेले को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सम्बोधित किया। रोजगार मेले में 51 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी विभागों और संगठनों के नियुक्ति पत्र वितरित किये गये।

....................

रोजगार सृजन को प्राथमिकता देने की केन्द्र सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप 15वां रोजगार मेला आज देशभर में 47 स्थानों पर आयोजित किया गया।

जयपुर में आयोजित रोजगार मेले में केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने जयपुर सांसद मंजू शर्मा की मौजूदगी में 430 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस अवसर पर श्री चौधरी ने कहा कि विकसित भारत बनाने के संकल्प में युवाओं की महती भूमिका है।

.................

युवा नियुक्ति पत्र पाकर काफी उत्साहित नजर आये।

....................

प्रधानमंत्री श्री मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 121वीं कड़ी होगी। ये कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित होगा। साथ ही ये कार्यक्रम आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट, न्यूज ऑन मोबाइल एप, आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी उपलब्ध होगा।

-----------

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सभी मीडिया चैनलों के लिए परामर्श जारी किया है। इसमें उन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में आतंकवाद रोधी अभियानों और सुरक्षाबलों की गतिविधियों की लाइव कवरेज से दूर रहने की सलाह दी गई है। मंत्रालय ने मीडिया से रक्षा अभियानों या गतिविधियों से संबंधित स्रोत आधारित सूचना पर रिपोर्टिंग करने से भी दूर रहने को कहा है। समय से पहले ही संवेदनशील सूचनाओं का खुलासा देश विरोधी तत्वों के लिए सहायक साबित हो सकता है और अभियानों के प्रभाव और सुरक्षाकर्मियों को खतरे में डाल सकता है। मंत्रालय ने कहा है कि पिछली घटनाओं ने जिम्मेदार रिपोर्टिंग के महत्व को उजागर किया है।

-----------

सरकार ने विमान कंपनियों को निर्देश दिया है कि वे हवाई क्षेत्र प्रतिबंधों के बीच यात्रियों के लिए सुविधाजनक उपायों को लागू करें। नागर विमानन मंत्रालय ने कहा है कि हाल के कुछ अंतर्राष्ट्रीय हवाई क्षेत्र बंद होने और उड़ानों पर रोक लगने के कारण कई विमानों के मार्ग बदल दिए गए हैं,
जिसकी वजह से उड़ान अवधि और तकनीकी ठहराव की संभावना बढ़ गई है। मंत्रालय ने विमान कंपनियों से कहा है कि वे यात्रियों को समय पर इस बारे में सूचित करें। मंत्रालय ने यह भी कहा है कि यह सूचना चेक–इन, बोर्डिंग और डिजिटल अलर्ट के माध्यम से दी जानी चाहिए।

-----------

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज बूंदी दौरे पर रहे। उन्होंने जिला अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होनें जिले में किये जा रहे विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। श्री बिरला ने सर्किट हाउस में जनसुनवाई भी की। उन्होंने अखिल भारतीय कर्मचारी अधिवेशन में भी हिस्सा लिया।

-----------

राष्ट्रीय पोषण पखवाड़े में राजस्थान ने देश में पहला स्थान प्राप्त किया है। 8 से 22 अप्रैल तक आयोजित हुए इस पखवाड़े के दौरान प्रदेश में रिकॉर्ड गतिविधियां हुई। छत्तीसगढ दूसरे और महाराष्ट्र तीसरे स्थान पर रहा है।

--------------

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने दिल्ली में आयोजित भारत इंटरनेशनल टूरिज्म बाजार (ठप्ज्ठ) में भाग लिया। उन्होंने बीआईटीबी के 20वें संस्करण में अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों, पर्यटन विशेषज्ञों और निवेशकों को संबोधित किया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री ने राजस्थानी पर्यटन को वैश्विक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ बनाने की राज्य सरकार की नीतियों की जानकारी दी। उन्होंने प्रतिभागियों को राज्य के थीम आधारित सर्किट और पर्यटन की दिशा में किये जा रहे नवाचारों से भी अवगत कराया।

-----------

पाली में प्रचण्ड गर्मी को देखते हुए ज़िला कलेक्टर ने राजकीय अस्पताल में प्याऊ का उद्घाटन किया वहीं जरूरतमंदों को चप्पल और भोजन किट वितरित किये गये।

-----------

कैलाश मानसरोवर यात्रा इस वर्ष जून से अगस्त महीने के दौरान होगी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि ये यात्रा उत्तराखंड के लिपुलेख के रास्ते से और सिक्किम के नाथूला दर्रे वाले रास्ते से की जा सकेगी।

मंत्रालय की वेबसाइट पर यात्रा के लिए आवेदन किया जा सकता है।यात्रियों का चयन निष्पक्ष कंप्यूटर रेंडम माध्यम से किया जाएगा।

-----------

केन्द्रीय मत्स्य, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री सत्यपाल सिंह बघेल ने कहा है कि सरकार देश में गायों की संख्या बढाने के लिए कृत्रिम गर्भाधान को बढावा दे रही है जिससे दूध आधारित उत्पाद की मांग पूरी हो सके। उन्होंने आज विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि भारत दूध उत्पादन में शीर्ष स्थान रखता है। विश्व पशु चिकित्सा दिवस हर साल अप्रैल महीने के अंतिम शनिवार को मनाया जाता है।

-----------

राष्ट्रीय टी.बी. मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत तपेदिक मरीजों को निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध करवाई जा रही हैं। इसके साथ ही उन्हें पोषण किट भी वितरित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में भरतपुर जिले के भुसावर, नदबई और सेवर क्षेत्र के डेढ सौ टी.बी. रोगियों को पोषण सहायता किट दिये गये। वहीं भुसावर उपखण्ड के 80 और नदबई और सेवर के 70 मरीजों को ये किट वितरित किये गये।

-----------

हनुमानगढ़ के रावतसर में अब से थोडी देर पहले दो टैंकरों की टक्कर में तीन लोगों की मृत्यु के समाचार हैं। वहीं दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसा धन्नासर के पास हुआ। टक्कर के बाद दोनों टैंकरों में आग लग गई और भीषण आग से झुलस कर इन लोगों ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वाहनों की आवाजाही फिलहाल रोक दी है।